संक्षेप में

एफपीआई ने शेयरों से 13,000 करोड़ रु निकाले

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने के पहले तीन सप्ताह में अबतक काफी सतर्क रुख अपनाते हुए भारतीय शेयर बाजारों से 13,000 करोड़ रुपये से अधिक की निकासी की है। भारतीय शेयरों के ऊंचे मूल्यांकन और अमेरिका में बॉन्ड पर प्रतिफल बढ़ने की वजह से एफपीआई बिकवाल बने हुए हैं। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, इस रुख के उलट विदेशी निवेशक ऋण या बॉन्ड बाजार को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने समीक्षाधीन अवधि में बॉन्ड बाजार में 15,647 करोड़ रुपये डाले हैं। आंकड़ों के मुताबिक विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने इस महीने (19 जनवरी तक) में भारतीय शेयरों से 13,047 करोड़ रुपये की निकासी की है। उन्होंने 17-19 जनवरी के दौरान 24,000 करोड़ रुपये से अधिक के शेयर बेचे। इससे पहले दिसंबर में एफपीआई ने शेयरों में शुद्ध रूप से 66,134 करोड़ और नवंबर में 9,000 करोड़ रुपये डाले थे। *भाषा*

एफडी तोड़ने वाले पूर्व बैंक अधिकारी की संपत्ति कुर्क

ग्राहकों की 52 करोड़ रुपये से अधिक की सावधि जमा तोड़ने और उसका इस्तेमाल ऑनलाइन गेम खेलने के लिए करने के आरोप में पंजाब ऐंड सिंध बैंक के एक पूर्व अधिकारी की 2.56 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति और सावधि जमा जब्त कर ली गई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रविवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय एजेंसी ने एक बयान में बताया कि दिल्ली विश्वविद्यालय के उत्तरी परिसर के खालसा कॉलेज परिसर स्थित बैंक की शाखा में कार्यरत बेदांशु शेखर मिश्रा को कथित धोखाधड़ी के प्रकाश में आने के बाद नवंबर 2022 में बैंक से निलंबित कर दिया गया था। धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत दर्ज प्रवर्तन निदेशालय का यह मामला केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की प्राथमिकी से जुड़ा है। कथित धोखाधड़ी 2021-22 के बीच हुई थी। *भाषा*

तेल-रसायन से अस्थिर आय!

आरआईएल के इस खंड की कमाई सीमित और उतार-चढ़ाव भरी रहने के नजर आ रहे आसार

अमृता पिल्लै
मुंबई, 21 जनवरी

दिसंबर 23 में समाप्त हुई तिमाही (वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही) की कमाई के नतीजों के बाद रिलायंस इंडस्ट्रीज (आरआईएल) के एक शीर्ष अधिकारी और विश्लेषकों ने कहा कि तेल-से-रसायन (ओ2सी) खंड की कमाई अस्थिर और सीमित रहने के आसार हैं। आरआईएल के प्रबंधन ने कहा है कि हालांकि रिफाइनिंग मार्जिन की स्थितियां अनुकूल दिख रही हैं, लेकिन डाउनस्ट्रीम पर दबाव बना हुआ है।

ओ2सी कारोबार में आरआईएल का रिफाइनिंग, पेट्रोकेमिकल और ईंधन का खुदरा व्यापार खंड शामिल हैं। कंपनी के मुख्य वित्तीय अधिकारी वी श्रीकांत ने आय के नतीजों के बाद कहा 'बाजार में व्यवधान के कारण कुल मिलाकर ओ2सी आय कुछ अस्थिर रहने वाली है।' इस खंड के संबंध में शेयर बाजार का नजरिया भी आरआईएल के प्रबंधन के अनुरूप है।

जेफरीज के विश्लेषकों ने आय के नतीजों के बाद अपने नोट में कहा है कि ओ2सी कारोबार के मामले में मार्जिन सीमित दायरे में रहने के आसार हैं। सेंट्रम के विश्लेषकों ने शनिवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा है कि ओ2सी खंड में निकट अवधि के दौरान दबाव रह सकता है। एमके जैसे अन्य विश्लेषकों ने अपने नोट में कहा है कि ओ2सी का वैश्विक दृष्टिकोण चीन के मांग-आपूर्ति दृष्टिकोण पर निर्भर करता है।

- आरआईएल का कहना है कि रिफाइनिंग मार्जिन की स्थितियां अनुकूल दिख रही हैं, लेकिन डाउनस्ट्रीम पर दबाव बना हुआ है
- ओ2सी के कारोबार में रिलायंस इंडस्ट्रीज का रिफाइनिंग, पेट्रोकेमिकल और ईंधन का खुदरा व्यापार खंड शामिल हैं

वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही में ओ2सी खंड के एबिटा में पिछले साल की तुलना में एक प्रतिशत की मामूली वृद्धि दर्ज की गई और यह 14,064 करोड़ रुपये रहा। इसके बारे में कंपनी ने कहा कि नियोजित रखरखाव और निरीक्षण की वजह से काम बंद रहने के कारण इसमें कमी आई है। शटडाउन के अलावा डाउनस्ट्रीम केमिकल ने भी मार्जिन पर असर डाला। एमके के विश्लेषकों ने रिफाइनिंग मार्जिन के बेहतर परिदृश्य के कारण वित्त वर्ष 24-26 में अपने ओ2सी के एबिटा अनुमान में दो से चार प्रतिशत तक का इजाफा किया है। हालांकि उन्हें लगता है कि पेट्रोकेमिकल का मार्जिन कमजोर रहेगा।

श्रीकांत ने शुक्रवार को जेट ईंधन उत्पाद की मांग का उल्लेख करते हुए कहा कि इन उत्पादों की निरंतर मांग वाले इस माहौल में रिफाइनिंग मार्जिन की उम्मीद की जा सकती है। वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही के निवेशक प्रस्तुतिकरण के अनुसार जेट ईंधन की वैश्विक मांग पिछले साल के मुकाबले 11 लाख बैरल प्रतिदिन बढ़कर 76 लाख बैरल प्रतिदिन हो गई है।

आरआईएल का नवीन ऊर्जा गीगा परिसर इसी साल होगा शुरू

एजेंसियां
नई दिल्ली, 21 जनवरी

उद्योगपति मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड इस साल की दूसरी छमाही में नवीन ऊर्जा गीगा परिसर शुरू करेगी। कंपनी ने तिमाही नतीजों की घोषणा के दौरान निवेशक कॉल में यह जानकारी दी। रिलायंस गुजरात के जामनगर में 5,000 एकड़ क्षेत्र में गीगा परिसर बना रही है। इसमें फोटोवोल्टिक पैनल, ईंधन सेल प्रणाली, हरित हाइड्रोजन, ऊर्जा भंडारण और पावर इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए पांच गीगा कारखाने शामिल हैं।

कंपनी ने निवेशकों के समक्ष तीसरी तिमाही के परिणामों की घोषणा करते हुए कहा कि हम इस वर्ष विभिन्न चरणों में नवीन ऊर्जा इकाइयां शुरू करने की राह पर हैं। शुक्रवार को तीसरी तिमाही के नतीजों की घोषणा के बाद अंबानी ने कहा कि नवीन ऊर्जा गीगा परिसर 2024 की दूसरी छमाही में चालू होने के लिए तैयार है। मुझे विश्वास है कि रिलायंस का नवीन (हरित) ऊर्जा कारोबार स्वच्छ ईंधन की स्वीकार्यता की वैश्विक क्रांति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

धीरूभाई अंबानी हरित ऊर्जा गीगा परिसर दुनिया की सबसे बड़ी एकीकृत नवीकरणीय ऊर्जा विनिर्माण इकाइयों में से एक होगी। रिलायंस ने पांच लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय के साथ 100 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा स्थापित करने के लिए गुजरात सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। कंपनी को हरित हाइड्रोजन के लिए कच्छ में 74,750 हेक्टेयर (हेक्टेयर) जमीन के टुकड़े के लिए सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है। कंपनी ने नवीन ऊर्जा मूल्य श्रृंखला में मजबूत विशेषज्ञता वाले 10 वैश्विक प्रौद्योगिकी नवप्रवर्तकों में रणनीतिक रूप से निवेश किया है।

लागत घटाने और एआई पर रहेगा पेटीएम का जोर

अजिंक्य कावले
मुंबई, 21 जनवरी

फिनटेक दिग्गज पेटीएम ने कहा है कि उसकी नजर व्यावसायिक दक्षता में सुधार लाने के लिए आर्टीफिशल इंटेलीजेंस (एआई) आधारित प्रणालियों के इस्तेमाल पर है। कंपनी के अधिकारियों ने तीसरी तिमाही के नतीजों के अवसर पर विश्लेषकों के साथ बातचीत में यह जानकारी दी।

पेटीएम के संस्थापक एवं मुख्य कार्याधिकारी विजय शेखर शर्मा ने कहा, 'ज्यादा व्यावसायिक विस्तार करने के बजाय हम अपने प्लेटफॉर्म पर मशीन और प्रणालियों की क्षमता बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। इन प्रणालियों में वृद्धि बरकरार रहेगी।'

व्यवसाय की परिचालन दक्षता में सुधार के लिए तकनीक-आधारित प्रणालियों पर ध्यान केंद्रित करने की यह पहल कंपनी द्वारा कर्मचारी लागत तर्कसंगत बनाने के प्रयासों के बीच शुरू की जा रही है। कर्मचारी लागत ढांचे को तर्कसंगत बनाने की प्रक्रिया में नियुक्ति रणनीति में बदलाव लाना, कर्मियों को अनुबंध पर रखना, सख्त परफॉरमेंस अप्रेजल जैसे बदलाव शामिल हैं। पेटीएम के मुख्य परिचालन अधिकारी भावेश गुप्ता ने कहा, 'इस समय एआई के जरिये हम कम लोगों के साथ ज्यादा कुशलता से काम कराने में सक्षम हैं। कुछ ऐसी दक्षताएं हैं जो टेक्नोलॉजी-आधारित और एआई-संचालित हैं।'

कंपनी का मानना है कि पोस्टपेड ऋण वितरण में अगली दो तिमाहियों में और कमी आएगी

गुप्ता ने कहा कि कंपनी ने पिछली कुछ तिमाहियों में अपनी कर्मचारी लागत में गिरावट दर्ज की है। वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही के लिए कर्मचारी लागत (ईसॉप को छोड़कर) 809 करोड़ रुपये थी, जो वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही के 807 करोड़ रुपये से कुछ अधिक है। उन्होंने कहा, 'हमारी कर्मचारी लागत घटी है। हम इस पर ध्यान बनाए रखेंगे और लागत को नियंत्रित बनाएंगे। खासकर बिक्री टीम की लागत घटाने पर जोर दिया जाएगा।' नोएडा स्थित कंपनी ने कहा है कि बिक्री टीम में नियुक्तियां पिछली तिमाहियों जैसी रहने की संभावना नहीं है।

गुप्ता ने कहा, 'हमने त्योहारी अवधि के दौरान बड़ी तादाद में नियुक्तियां कीं, क्योंकि हम सुनिश्चित करना चाहते हैं कि जमीनी स्तर पर पर्याप्त कर्मी उपलब्ध हों। मैं नहीं मानता कि हम चौथी तिमाही और अगले साल भी अपनी सेल्स टीम में पहले जैसी वृद्धि करेंगे।'

कंपनी ने कहा है कि पेटीएम पोस्टपेड के नाम से भी चर्चित उसकी 'बाय नाउ, पे लैटर' (बीएनपीएल) पेशकश का योगदान अगली दो तिमाहियों के दौरान उधारी व्यवसाय में कमजोर बना रहेगा।

PUBLIC NOTICE

NOTICE is hereby given that the below mentioned Authorised Person is no longer affiliated as Authorised Person of Kotak Securities Limited.

Sub Broker/ Authorised Person Name	Trade Name	Exchange Registration Numbers of Sub Broker / Authorised Person	Address of Sub Broker/ Authorised Person
SHARAD PORWAL	SHARAD PORWAL	NSE - AP0291581151	710 60 FEET ROAD IDEAL SCHOOL KE SAMNE DWARKAPURI SUDAMA NAGAR INDORE 452009

Please note that above mention Authorised Person (AP) is no longer associated with us. Any person henceforth dealing with above mention AP should do so, at their own risk. Kotak Securities Ltd. shall not be liable for any such dealing. In case of any queries for the transactions till date, investors are requested to inform Kotak Securities Ltd. within 15 days from the date of this notification, failing which it shall be deemed that there exists no queries against the above mentioned AP.

kotak Kotak Securities Limited. Registered Office: 27 BKC, C 27, G Block, Bandra Kurla Complex, Bandra (E), Mumbai 400051. CIN: U99999MH1994PLC134051, Telephone No.: +22 43360000, Fax No.: +22 67132430. Website: www.kotak.com / www.kotaksecurities.com. Correspondence Address: Infinity IT Park, Bldg. No 21, Opp. Film City Road, A K Vaidya Marg, Malad (East), Mumbai 400097. Telephone No: 42856825. SEBI Registration No: INZ000200137(Member of NSE, BSE, MSE, MCX & NCDEX), AMFI ARN 0164, PMS INP000000258 and Research Analyst INH000000586. NSDL/CDSL: IN-DP-629-2021. Compliance Officer Details: Mr. Hiren Thakkar. Call: 022 -4285 6484, or Email: ks.compliance@kotak.com

टाटा मोटर्स 1 फरवरी से करेगी यात्री वाहनों के दामों में बढ़ोतरी

अंजलि सिंह
मुंबई, 21 जनवरी

दिग्गज वाहन निर्माता टाटा मोटर्स भी दाम बढ़ाने वाली कंपनियों में शामिल हो गई है। कंपनी ने इलेक्ट्रिक सहित अपने यात्री वाहनों के दामों में 0.7 प्रतिशत की वृद्धि का ऐलान किया है जो 1 फरवरी से लागू होगी। इसका लक्ष्य कच्चे माल की लगातार बढ़ती लागत की आंशिक रूप से भरपाई करना है। इससे पहले टाटा मोटर्स ने अप्रैल 2023 में कहा था कि वह 1 मई से अपने यात्री वाहनों की कीमत लगभग 0.6 प्रतिशत बढ़ा देगी।

वाहन उद्योग में यह रुझान देखा गया है जब उद्योग की मारुति सुजूकी जैसी दिग्गज कंपनियों ने वित्त वर्ष 24 के शुरुआती महीनों में दाम वृद्धि का सहारा लिया है। मारुति ने अपने इस फैसले के लिए महंगाई और जिंसों के अधिक दामों को कारण बताया है। इस दाम वृद्धि का प्रतिशत सभी मॉडलों के लिए अलग-अलग है।



जर्मनी की लक्जरी कार निर्माता कंपनी ऑडी 1 जनवरी से अपने वाहनों के दामों दो प्रतिशत तक की वृद्धि का ऐलान कर चुकी है। इसके लिए ऑडी ने तर्क दिया है कि आपूर्ति-श्रृंखला संबंधी करारणों और परिचालन की बढ़ती लागत की वजह से दाम वृद्धि की आवश्यकता हुई। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के आंकड़ों के अनुसार कंपनी ने दिसंबर 2023 में 43,859 वाहन बेचे और यात्री वाहन श्रेणी में 14.97 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल की। उसने दिसंबर 2022 में 37,190 वाहन बेचते हुए 13.08 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल की थी।

'हाइब्रिड की तुलना ईवी से नहीं की जा सकती'

टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के प्रबंध निदेशक शैलेश चंद्रा का मानना है कि केवल शून्य उत्सर्जन वाली कारें ही वायु प्रदूषण में कमी लाने, ईंधन आयात घटाने और शुद्ध शून्य उत्सर्जन के लक्ष्य को हासिल करने में मदद कर सकती हैं।

उद्योग के एक वर्ग द्वारा हाइब्रिड कारों पर लगाए गए करों में कटौती की मांग के बीच चंद्रा ने कहा कि ऐसे वाहन शुद्ध शून्य उत्सर्जन लक्ष्य को प्राप्त करने, वायु गुणवत्ता के स्तर में सुधार और जीवाश्म ईंधन आयात को कम करने के प्रमुख राष्ट्रीय उद्देश्यों के साथ मेल नहीं खाते हैं।

उन्होंने कहा कि कारों में हाइब्रिड और सीएनजी प्रौद्योगिकियां ईंधन दक्षता में सुधार करने और उत्सर्जन-संबंधी नियामकीय अनुपालन को पूरा करने में मदद करती हैं, लेकिन इसकी तुलना शुद्ध बैटरी इलेक्ट्रिक वाहनों से नहीं की जा सकती। चंद्रा ने कहा 'सरकार पहले से ही कम कराधान के जरिये हाइब्रिड वाहनों को समर्थन दे रही है और इन्हें इलेक्ट्रिक वाहनों के समान लाने की कोई जरूरत नहीं है।' उन्होंने कहा कि हाइब्रिड कारों की तुलना इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) से नहीं की जा सकती क्योंकि वे अनिवार्य रूप से प्रदूषण फैलाने वाले 'जीवाश्म ईंधन' पर चलती हैं। *भाषा*

सवाल जवाब

अधिक विकास, मार्जिन वाली श्रेणियां हैं लक्ष्य

हाल ही में टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स ने घोषणा की है कि उसने 7,000 करोड़ रुपये में नूडल्स और सॉस क्षेत्र की कंपनी कैपिटल फूड्स और प्रीमियम चाय ब्रांड, ऑर्गेनिक इंडिया का अधिग्रहण करने के लिए समझौता किया है। टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्य अधिकारी सुनील डिसूजा ने शार्लीन डिसूजा के साथ साक्षात्कार के दौरान इन दोनों अधिग्रहणों के बारे में बात की। प्रमुख अंश ...

ये दोनों अधिग्रहण टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के लिए किस तरह काम करेंगे?

ये दोनों अधिग्रहण हमारे पहले से ही निर्धारित प्लेटफॉर्मों के लिए भली-भांति काम करेंगे, जिन्हें हमने टाटा कंज्यूमर के लिए जोड़ा है। चाय के मामले में हमने हमेशा बेहतरी के बारे में बात की है। ऑर्गेनिक इंडिया हमारे लिए यही करेगी। हमारे पेंट्री प्लेटफॉर्म में, जहां हमारे पास केवल टाटा संपन्न था, अब हम पास्ता, नूडल्स, चटनी, सॉस और सूप के साथ कारोबार कर सकते हैं। हमने हमेशा भविष्योन्मुख प्लेटफार्मों पर ध्यान दिया है। अब तक हमारे पास प्रोटीन उत्पाद थे, लेकिन अब हमारे पास ऑर्गेनिक इंडिया वाले सप्लिमेंट हैं।

रणनीतिक नजरिये से यह सब काफी सटीक बैठता है। हमने यह भी कहा है कि हमारा लक्ष्य उन श्रेणियों में शामिल होना है, जो अधिक विकास और अधिक मार्जिन वाली हैं। इन दोनों अधिग्रहणों में हम जिन श्रेणियों को हासिल कर रहे हैं, वे 15 से 20 प्रतिशत की विकास दर वाली हैं। ये काफी मजबूत ब्रांड हैं और इसलिए इनकी वृद्धि क्षमता काफी ज्यादा है। साथ ही इन दोनों के पास वितरण का भी बड़ा अवसर है। संख्या के लिहाज से हमारी पहुंच भी ज्यादा है। हमारी पहुंच कैपिटल फूड्स से 10 गुना ज्यादा है और ऑर्गेनिक इंडिया की मौजूदगी केवल 24,000 आउटलेट्स में है।

हमने हमेशा कहा है कि हम भारत-आधारित अधिग्रहणों पर विचार करेंगे, लेकिन अगर हम वैश्विक बाजारों के लिए भी उनका लाभ उठा सकें, तो यह सोने पर सुहागा होगा।

ऑर्गेनिक इंडिया में वित्त वर्ष 23 के दौरान सकल मार्जिन संकुचन देखा गया है। इसके अलावा वित्त वर्ष 2019 के बाद से राजस्व काफी हद तक स्थिर रहा है। आप इसमें बदलाव की क्या योजना बना रहे हैं?

साल 2016-17 में ऑर्गेनिक इंडिया का एबिटा मार्जिन तकरीबन 16 से 17 प्रतिशत था। इसके कारोबार में कई समस्याएं थीं, जिस वजह से मार्जिन में कमी आई है।

कारोबारी उत्पाद में मूल रूप से कुछ भी गलत नहीं है। फैबइंडिया की विरासत के कारण मुख्य रूप से खुदरा स्टोर पर केंद्रित दृष्टिकोण था और यही कारण है कि देश में केवल 24,000 आउटलेट हैं। मार्जिन के नजरिए से अपनी खरीद क्षमता को न्यूनतम स्तर पर लाने और अपनी लॉजिस्टिक्स दक्षता दुरुस्त करने से हम भले ही सकल मार्जिन में वृद्धि न करें, लेकिन इसे कायम रख सकते हैं। इसका सकल मार्जिन पहले से ही 50-55 प्रतिशत के दायरे में है।

इन दो अधिग्रहण के बाद क्या आप खाद्य क्षेत्र में और अधिग्रहण करेंगे?

हमारे पास अब भी आगे बढ़ने और खाद्य एवं पेय पदार्थ क्षेत्र की कंपनी बनने के लिए गुंजाइश है। दीर्घावधि में हमारा लक्ष्य दैनिक उपभोक्ता वस्तु क्षेत्र की दमदार कंपनी बनना है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हम मूल्य सृजित करें। हम आंतरिक संसाधनों और अधिग्रहण के अवसरों की तलाश करेंगे।

क्या आपको लगता है कि आपने ऑर्गेनिक इंडिया के लिए अधिक भुगतान किया है?

हमने हमेशा यही कहा है कि हम अधिग्रहण के लिए अधिक भुगतान नहीं करेंगे। हम इस बारे में आकलन कर चुके हैं कि हम इन कारोबारों के साथ क्या कर सकते हैं। अगर आप वित्त वर्ष 23 के इसके एबिटा को देखें, तो यह एक बार के बट्टेखाते के कारण नकारात्मक था। लेकिन निरंतर आधार पर मुझे लगता है कि हम काफी सहज हैं और अधिक शेयरधारक मूल्य सृजित कर सकते हैं।

कैपिटल फूड्स पहले से ही कुछ श्रेणियों में अग्रणी है। यह टाटा कंज्यूमर के लिए कैसी रहेगी? क्या आपको लगता है कि यह आपको सही दामों पर मिली है?

हमारे पास काफी दक्ष निदेशक मंडल है और हमने उन्हें बताया है कि हम इससे लाभ हासिल कर सकते हैं। इस तथ्य पर उन्होंने हमें अधिग्रहण करने के लिए कहा है। कैपिटल फूड्स पांच अलग-अलग श्रेणियों में पहले या दूसरे स्थान पर है।

कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड — ऑनलाइन ई-नीलामी संपत्ति की बिक्री

पंजीकृत कार्यालय : 27 बीकेसी, सी 27, जी-ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्पलेक्स, बांद्रा (ई) मुंबई, महाराष्ट्र, पिनकोड-400 051
शाखा कार्यालय : 6वां तल, मेट्रो टॉवर ए.बी. रोड, विजय नगर, इंदौर (म.प्र.)-452010

अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 8(5) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 8( ) के परंतुक के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद् द्वारा जनता को सामान्य रूप से और विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) और गारंटर(रों) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति प्रत्याभूत ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित की गई है, जिसका कब्जा फुलर्टन इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (जिसे बाद में ''एफआईएचएफसीएल'' के रूप में संदर्भित किया गया है) के प्राधिकृत अधिकारी ने अपने कब्जे में ले लिया है, ''एफआईएचएफसीएल'' द्वारा कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड पक्ष में ऋण के असाइनमेंट के अनुसरण में, संपत्ति **16.02.2024** को दोपहर 12:00 बजे से 01:00 बजे के बीच 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ **ऋण खाते 601707210287393** के तहत केएमबीएल, प्रत्याभूत ऋणदाता के, **श्री राकेश मालके, श्रीमती जमना माली** से बकाया **रुपये 17,98,220/- (रुपये सत्रह लाख अट्ठानवे हजार दो सौ बीस मात्र)** दिनांक **15.01.2024** तक सह 16.01.2024 से लागू भविष्य के ब्याज के साथ लागत और शुल्क के साथ पूर्ण भुगतान तक की वसूली के लिए ''जो है जहां है'', ''जो है जैसा है'', और ''वहां जो कुछ भी है'' के आधार पर बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य **रुपये 4,00,000/- (रुपये चार लाख मात्र)** होगा और बयाना धन जमा **रुपये 40,000 (रुपये चालीस हजार मात्र)** होगा और केवाईसी के साथ ईएमडी जमा करने की अंतिम दिनांक 15.02.2023 शाम 6:00 बजे तक (आईएसटी) है।

संपत्ति विवरण- अचल संपत्ति धारक प्लॉट सं. 25, सर्वे सं. 126/मीन-1 का भाग, स्थितरंजीत नगर रंजीत हनुमान मंदिर के पीछे, कस्बा कालीदास उद्यान शिप्रा नदी, उज्जैन का संपूर्ण व सर्वांगीण भाग, सीमांकन : पूर्व : प्रेमचंद प्रजापत, पश्चिम : सड़क, उत्तर : साठे का मकान, दक्षिण : अन्य की भूमि।

प्रत्याभूत संपत्ति को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, सरफेसी अधिनियम की धारा 13 की उपधारा 8 के प्रावधानों पर उधारकर्ता का ध्यान आकर्षित किया जाता है।

आम तौर पर जनता और विशेष रूप से उधारकर्ता कृपया ध्यान दें कि यदि यहां निर्धारित नीलामी किसी भी कारण से विफल हो जाती है तो प्रत्याभूत ऋणदाता के विवेक पर निजी संधि के माध्यम से बिक्री के माध्यम से प्रत्याभूत हित को प्रत्याभूत ऋणदाता प्रवर्तित कर सकता है।

संपत्ति के संबंध में किसी भी स्पष्टीकरण/आवश्यकता के मामले में बिक्री के तहत, बोलीदाता **श्री अक्षित सोलंकी (+91 7302111608), (+91 9152219751), श्री राजेंद्र दहिया (+91 8448264515)** से संपर्क कर सकते हैं।

बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए, कृपया दिए गए लिंक **https://www.kotak.com/en/bank-auctions.html** कोटक महिंद्रा बैंक वेबसाइट में यानी **www.kotak.com** या **https://bankauctions.in/** का संदर्भ लें।

प्राधिकृत अधिकारी,
कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड

स्थान : उज्जैन, दिनांक : 22.01.2024

एनएमडीसी लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
'खनिज भवन', 10-3-311/ए, कैसल हिल्स, मासब टैंक, हैदराबाद-500028
alpadhy@nmdc.co.in, jvenkatesan@nmdc.co.in, ramojiraa@nmdc.co.in
(सीआईएन) : L13100TG1958GOI001674

निविदा सं. HQMM/MOTOR GRADER /1005-23/425 तिथि : 22.01.2024

खुली निविदा सूचना

एनएमडीसी लिमिटेड, बीआईओएम, बचेली कॉम्प्लेक्स, किरंदुल कॉम्प्लेक्स, दंतेवाड़ा (जिला) छत्तीसगढ़ (राज्य) और पन्ना परियोजना मध्य प्रदेश भारत के लिए आवश्यक प्रतिष्ठित निर्माताओं से सीधे या भारत में उनके मान्यता प्राप्त एजेंटों के माध्यम से निम्नलिखित उपकरणों के लिए ई-प्रोक्योरमेंट मोड के माध्यम से ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

उपकरण का विवरण	मात्रा (सं.)	पूर्व बोली निविदा बैठक	निविदा दस्तावेज अवधि का प्रदर्शन ड्राफ्ट:	प्रस्ताव जमा करने की अन्तिम तिथि (संभावित) तथा समय
मोटर ग्रेडर-10 नंबर-9 नगः सकल शक्ति 280 एचपी के साथ (6 साल/12000 घंटे की लागत कैप के साथ, जो भी पहले हो) और 1 नग 155 एचपी की सकल शक्ति के साथ (2 वर्ष/4000 घंटे के लिए प्रारंभिक स्पेयर के साथ, जो भी पहले हो)	10	05/02/2024 को 11.00 बजे पूर्वा.	22.01.2024 से 05.02.2024 अन्तिम (संभावित तिथियां): 19.02.2024 से 11.03.2024	11.03.2024 को 02.30 बजे अप.

सम्पूर्ण निविदा दस्तावेज हमारी वेबसाइट www.nmdc.co.in, www.mstcecommerce.com/eprochome तथा http://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है।
उपरोक्त निविदा का कोई भी शुद्धिपत्र केवल हमारी वेबसाइट www.nmdc.co.in पर अपलोड किया जाएगा और प्रकाशित नहीं किया जाएगा। संभावित बोलीदाताओं को शुद्धिपत्र, यदि कोई हो, पर ध्यान देने के लिए समय-समय पर एनएमडीसी लिमिटेड की उपरोक्त वेबसाइट देखते रहना चाहिए।
अधिक जानकारी के लिए, हमारी वेबसाइट: www.nmdc.co.in के निविदा अनुभाग पर लॉग ऑन करें।

महाप्रबंधक (सामग्री)

SURYODAY A BANK OF SMILES
सूर्योदय स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड
पंजीकृत और कॉर्पोरेट कार्यालय : 1101, शारदा टेरेस, प्लॉट 65, सेक्टर-11, सीबीडी बेलापुर, नवी मुंबई-400614, CIN: L65923MH2008PLC261472

परिशिष्ट-IV [नियम-8(1)]
कब्जा सूचना (अचल सम्पत्तियों के लिए)

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने मैसर्स सूर्योदय स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित के प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (अधिनियम संख्या 2002 का 54) के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग से निम्न वर्णित उधारकर्ता/गारंटर/ओं को मांग सूचना जारी की थी। उक्त सूचना प्राप्त होने की दिनांक से 60 दिन पूरे होने के बाद, ऋण लेने वाले उधारकर्ता/ओं/गारंटर/ओं राशि चुकाने में विफल रहे हैं, एतद् द्वारा ऋण लेने वाले उधारकर्ता/ओं गारंटर/ओं और सर्व सामान्य को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने इस संबंध में उक्त अध्यादेश के उक्त नियमों के नियम 6 और 8 के साथ पठित धारा 13(4) के तहत उन्हें प्राप्त प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग से निम्न वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है।

क्र. सं.	उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर का नाम	मांग सूचना की दिनांक	कुल बकाया राशि	सांकेतिक कब्जे की दिनांक
1	ऋण खाता सं. 207000000007 और 217090002431 1) श्री कुंदन सिंह पटेल, 2) श्री दिलीप सिंह परमार 3) श्रीमती निर्मला दिलीप	04.05.2023	रु. 21,70,108/- दिनांक 30.03.2023 तक	17.01.2024
	प्रत्याभूत संपत्ति(यों)/अचल संपत्ति(यों) का विवरण : मकान सं. 154, खसरा सं. 67, पटवारी हल्का सं. 7/10, सर्वे सं. 67, वार्ड सं. 4, ग्राम लखुडिया तहसील और जिला धार, राज्य : मध्य प्रदेश 454001का संपूर्ण व सर्वांगीण भाग, भूमि मापक कुल क्षेत्र 213.21 वर्ग मीटर, आरसीसी मकान। सीमांकन : पूर्व : कृष्णा पटेल का मकान, पश्चिम: भगवान पटेल का मकान, उत्तर : सड़क, दक्षिण: मधु सिंह की भूमि।			
2	ऋण खाता सं. 227050001780 1) श्री राणा जीता सिंह उर्फ रंजीत सिंह डांगी, 2) श्रीमती रेखा बाई, 3) श्री सचिन डांगी	27.09.2023	रु. 18,79,260.68/- दिनांक 27.09.2023 तक	20.01.2024
	प्रत्याभूत संपत्ति(यों)/अचल संपत्ति(यों) का विवरण : आवासीय संपत्ति मकान सं. 139, वार्ड सं. 3 स्थित ग्राम दौलत पी.एच. सं. 100, खसरा सं. 54, कुल क्षेत्र 4050 वर्ग फुट, ग्राम पंचायत दौलत, जनपद पंचायत तहसील बड़नगर, जिला उज्जैन, मध्य प्रदेश का संपूर्ण व सर्वांगीण भाग। सीमांकन : पूर्व : साझा सड़क, पश्चिम: श्री रामसिंह गौड़, उत्तर : रामसिंह का मकान, दक्षिण: साझा सड़क।			

विशेष रूप से उधारकर्ता/ओं/गारंटर/ओं और सामान्य रूप से जनता को आगाह किया जाता है कि वह संपत्ति से कोई लेन-देन न करें संपत्ति के साथ कोई भी व्यवहार एक उपर्युक्त मांगी गई राशि और उस पर भविष्य के ब्याज के लिए मैसर्स सूर्योदय स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

स्थान : मध्य प्रदेश, दिनांक : 22.01.2024 — हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी, प्रति सूर्योदय स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

भोपाल संस्करण : बिज़नेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक नंदन सिंह रावत द्वारा दैनिक भास्कर, प्लॉट नं. 10 व 11, सेक्टर बी, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल, म. प्र. 462023 से मुद्रित एवं सी/ओ अशोक कुमार जैन, शॉप नं. 1, पटेल मार्केट, संगम टॉकीज के समीप, भोपाल- 462001 से प्रकाशित
संपादक : कैलाश नौटियाल, आरएनआई नं. MPHIN/2008/24603 पाठक संपादक को lettershindi@bsmail.in पर संदेश भेज सकते हैं। टेलीफोन - 033-22101314/1022/1600 फैक्स - 033-22101599
सब्सक्रिप्शन और सर्कुलेशन के लिए संपर्क करें... सुश्री मानसी सिंह हेड, कस्टमर रिलेशनशिप बिज़नेस स्टैंडर्ड लिमिटेड, तीसरी और चौथी मंजिल, बिल्डिंग एच, पैरागन सेंटर, सेंचुरी मिल्स के सामने, पी बी मार्ग, वर्ली, मुंबई 400 013 ईमेल subs_bs@bsmail.in या 57575 पर एसएमएस करें REACHBS कोई हवाई अधिभार नहीं